NEWS इन ब्रीफ

### 4 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण 20 से प्रारंभ

**भवनाथपुर।** जिला शिक्षा अधीक्षक गढ़वा के के आदेशानुसार एफएलएन (फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी) संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड क शिक्षकों का गैर अवासीय प्रशिक्षण विज्ञान भवन भवनाथपुर में आगामी 20 फरवरी से प्रारम्भ होगी। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 20 से 23 फरवरी तक, द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 24 से 27 फरवरी तक और तृतीय बैच का प्रशिक्षण दिनांक 28 फरवरी से 3 मार्च तक होगी। प्रशिक्षण के दौरामन अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई की जायगी। शिक्षकों को पांडेय सूर्यकांत शर्मा, अनिल कुमार मेहता, अशोक कुमार सिंह एवं वरुण कुमार चौबे द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### यूट्यूब चैनल के पत्रकार अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर

**डंडाई।** 15 दिन बाद भी यूट्यूब चैनल के आरोपी पत्रकार मुस्ताक अंसारी की गिरफ्तारी नहीं हुई। अब तक वह पुलिस की पकड़ से बाहर है। प्रखंड के सामुदायिक आयुष चिकित्सा पदाधिकारी रीना भारती के लिखित आवेदन पर स्थानीय थाना में उक्त पत्रकार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी। मालूम हो कि 26 जनवरी से पहले आयुर्वेदिक अस्पताल पहुंच यूट्यूब पत्रकार के द्वारा महिला चिकित्सा पदाधिकारी को व्यक्तिगत अपशब्दों का इस्तेमाल कर उन्हें कई तरह की धमकियां देने का काम किया गया था।

### शहीदों की याद में कैंडल मार्च



**डंडाई।** पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों की याद में मंगलवार रात्रि स्थानीय लोगों के द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च स्थानीय देवी धाम से प्रारंभ होकर पुरानी बाजार होते मुख्य बाजार अंबेडकर चौक पहुंचा। उस दौरान अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों के द्वारा 2 मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद अपने अपने हाथों में मोमबत्ती की तिलखियां युवकों के द्वारा गर्मजोशी के साथ वंदे मातरम, भारत माता की जय, वीर शहीद अमर रहें इत्यादि के नारे लगाए गए। कैंडल मार्च में सन्नी कुमार, मनीष ठाकुर, ओम प्रकाश, प्रमोद कुमार, पीटर गोम्स कुमार, अभय सिंह, योगेंद्र कुमार, सचिन गुप्ता इत्यादि युवकों ने भाग लिया।

### प्रवासी मजदूर की मौत, परिजनों के चीत्कार से दहला क्षेत्र

**रमना।** अतियारी गांव निवासी छठु सिंह खरवार का 35 वर्षीय पुत्र रवि सिंह खरवार की मौत सन्देहास्पद स्थिति में हो गयी है। जानकारीनुसार रवि का शव मध्य प्रदेश के कटनी रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया है, रवि गुजरात के भरूच में बतौर मजदूर एक निजी कम्पनी में काम करता था। वहां से घर वापस लौटनें के क्रम में सोमवार को उसका शव कटनी स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर पाया गया। आधार कार्ड में दर्ज सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन बुधवार की सुबह शव लेकर गांव वापस लौट गये है। शव गांव पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। गांव के श्मशान घाट पर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर क्षेत्रीय लोग मौजूद थे। इस क्षेत्र में मजदूरों का शव आते रह रहा इस क्षेत्र में काम नहीं मिलने के कारण मजदूर घर कि आर्थिक हालात ठीक करने के लिए दूसरे राज्य में जाते है, और किसी हादसे के शिकार हो जाते है।

# शांतिकुंज से लाये गए दिव्य शक्ति कलश के साथ हुआ नगर भर का भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र के चन्द्री स्थित नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में मां गायत्री व मां वैष्णो देवी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर एक मार्च से पांच मार्च तक 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया है। इसकी सफलता के लिए गायत्री परिवार के जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी, युवा मंडल के जिला संयोजक बिरेन्द्र सोनी, यज्ञ समिती के उप कोषाध्यक्ष बेचन राम,अशोक साह एवं दिनेश पाल द्वारा अखिल विश्व गायत्री



परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार से गायत्री परिवार की प्रमुख शक्तिस्वरूपा शैलबाला पांड्या द्वारा पूजित दिव्य शक्तिकलश बुधवार को मझिआंव लाया गया और शक्तिपीठ पर स्थापित किया गया। इसके पूर्व उंटारी रोड रेलवे स्टेशन पर शक्तिकलश के पहुंचते ही गायत्री परिवार के महिला मंडल एवं प्रज्ञामंडल के सदस्यों द्वारा बैंड बाजे के साथ स्वागत किया गया, और शक्तिकलश को माथे पर रखकर फूल बरसाते हुए पैदल मार्च करते हुए उंटारी रोड, सीढ़हा, गहिड़ी, मझिआंव खुर्द एवं ब्लॉक मोड़ व चन्द्री आदि गांवों में नगर भ्रमण करते हुए मां गायत्री व माता वैष्णो देवी तथा गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य का जयघोष करते, भजन गायन करते हुए शक्तिपीठ पर पहुंचा। जहां पर शक्तिकलश की पूजा अर्चना कर आरती की गई और देवस्थल में स्थापित किया गया।

इस संबंध में गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह ने बताया कि 19 फरवरी को उपजोन की बैठक मझिआंव गायत्री शक्तिपीठ पर आहूत की गई है जिसमे उपजोन, जिला एवं सभी प्रखंड के गायत्री परिजन उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर महायज्ञ कमिटी का भी विस्तार किया जायेगा। मौके पर नगर भ्रमण के दौरान प्रखंड समन्वयक नागेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक चौरसिया, रामबेलास प्रसाद, देवमुनि विश्वकर्मा, पारस मिस्त्री, राहुल कमलापुरी, अरुण सोनी, महिला मंडल संयोजक सुनीता चौरसिया, सीमा दुबे, धर्मशीला देवी, रिंकी देवी, सरस्वती देवी, अंजना देवी सरिता देवी, राखी देवी सहित कई गायत्री परिजन शामिल थे।

### मंत्री ने किया पौने चार करोड़ की नौ सिंचाई योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास

# अब हर खेत को मिलेगा पानी किसानों की समस्या होगी दूर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर बुधवार को गढ़वा स्थित अपने आवास पर लघु सिंचाई प्रमंडल गढ़वा की नौ चेक डैम का शिलान्यास किया। मंत्री ने पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का शिलान्यास किया। जिले के मेराल एवं रंका प्रखंड में तीन-तीन, गढ़वा में दो तथा चिनियां प्रखंड में एक चेक डैम का निर्माण तीन करोड़, 77 लाख, 19 हजार 300 रुपए की लागत से किया जाएगा। शिलान्यास किये गये योजनाओं में मेराल प्रखंड के रजहरा में पथलाही नाला पर चेक डैम का निर्माण, सोहबरिया में चमबोथवा नाला पर, पतरिहा में धोरहा नाला पर, रंका प्रखंड के सेमरखांड़ में भीतियाही नाला पर, गासेदाग में सलई नाला पर, कटरा में हरैया नाला पर, गढ़वा प्रखंड के कोरटा में अद्रा नाला पर, कल्याणपुर में बलहा नाला पर तथा चिनियां प्रखंड के लोहार टोली खुरी



में टाना नाला पर चेक डैम का निर्माण कार्य शामिल है। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में सड़क, बिजली, पेयजल, चिकित्सा एवं शिक्षा के साथ-साथ हर खेत को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। किसानां की सिंचाई से संबंधित एवं अन्य समस्याएं दूर की जाएगी। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला कम बारिश का क्षेत्र है। यहां किसानां को खेती के लिए सिंचाई की काफी समस्या होती है, इसलिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे-छोटे नदी, नालों को बांधकर चेक डैम का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि किसानों को सिंचाई की व्यवस्था उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि चेक डैम के निर्माण से सिंचाई सुविधा के साथ-साथ जल स्तर को बनाये रखने में भी काफी सहायता होगी। इन चेक डैम के निर्माण से काफी संख्या में किसान लाभान्वित होंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र में सिंचाई बहुत बड़ी समस्या है जिससे किसान अच्छे ढंग से खेती नहीं कर पाते हैं। अगले चरण में जिले के अन्य नदी नालां में विभिन्न स्थानां पर चेक डैम का निर्माण कराने की योजना है। जिससे अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। मंत्री ने मौके पर मौजूद सभी संवेदकां को हर हाल में बरसात से पूर्व गुणवतायुक्त कार्य पूर्ण करने की बात कही है। मंत्री ने कहा कि कार्य की गुणवता में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कृषि ही देश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। फिर भी आज तक गढ़वा-पलामू में किसानों के लिए समुचित सिंचाई की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। परंतु झारखंड की हेमंत सरकार हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। यह सरकार किसानों की आय बढ़ाने एवं कृषि के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार ने बेतुका योजना डोभा पर करोड़ो रुपए खर्च किये जिसका कहीं कोई परिणाम नहीं निकला। आज पूरे राज्य में डोभा का कहीं नामो निशान तक नहीं है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, संजय चौधरी, दिलीप गुप्ता, नंदकिशोर ठाकुर, दिलीप यादव, राजेश तिवारी, प्रवीण तिवारी, हिमांशु सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# उप महाप्रबंधक ने बैंक का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

पंजाब नेशनल बैंक के सिंघीताली शाखा में काम नही होने एवं ग्राहकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के खबर विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद पंजाब नेशनल बैंक के बोकारो सरकील के उप महा प्रबंधक सुबोध कुमार मंडल ने ब्रांच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राहकों ने बैंक में हो रहे असुविधा को लेकर उप महाप्रबंधक सुबोध कुमार मंडल से शिकायत किया। ग्राहकों ने बताया कि हमलोगों का काम नही होता है केतार थाना के खैरवा निवासी सुचिता कुमारी, अमृता कुमारी ने बताया कि हमलोग एक साल से केवाईसी के लिए दौड़ रहे थे आज बैंक अधिकारी आने के बाद मेरा फॉर्म ले लिया गया लेकिन मुझे नही लगता है कि हमलोगों का केवाईसी हो जाएगा क्योंकि अधिकारी चले जाएंगे तो फिर वैसे ही मेरा फॉर्म को पेंडिंग रख दिया जाएगा। ग्राहक



रामबली साह, शिवकुमार यादव, अजित चौबे, राजकुमारी देवी, अनिल पांडेय सहित कई ग्राहकों ने कहा कि हमलोगों को रोज रोज बैंक का चक्कर लगाना पड़ता है केवाईसी, मैसेज अलर्ट, एटीएम, पासबुक प्रिंट, डिमांड ड्राफ्ट सहित अन्य कार्य के लिए महीनों बैंक दौड़ना पड़ता है। वहीं कर्मियों के द्वारा दुर्व्यवहार किया जाने का शिकायत किया। ग्राहकों के शिकायत मिलने के बाद उपमहाप्रबंधक ने बैंक मैनेजर राजेश टोपो को निर्देश दिया कि रविवार को भी बैंक खोल कर पेंडिंग कार्य का जल्द से जल्द निपटारा करे। शाखा में बैंक अधिकारियों का नम्बर का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

# कम राशन मिलने पर डीलर ने बीडीओ को आवेदन

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के परती गांव के के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार चंद्रदेव बैठा ने बुधवार को बीडीओ सह एमओ मुकेश मछुआ को आवंटन के अनुसार कम राशन मिलने को लेकर आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में उल्लेख किया गया है की हमारे दुकान क्षेत्र में पीएच और अंत्योदय मिलाकर कुल 3126 लाभुक है। इस संख्या के आधार पर मुझे 156किवंटल 40 किलो राशन मिलना चाहिए परंतु दिसंबर और जनवरी दोनों माह मिलाकर आवंटन से 37 किवंटल 40 किलो राशन कम मिला है। ऐसा सितंबर 2021 से यही होता रहा है प्रति व्यक्ति 5 किलो राशन देने में सभी व्यक्ति को पूर्ण रूप से राशन नहीं मिल पा रही है। जिससे हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस परिस्थिति में लाभुक मुझ पर राशन गबन करने का लगातार आरोप लगाते रहते हैं। डीलर चंद्रदेव बैठा ने आग्रह किया है कि हमारे आवंटन के हिसाब से पूर्ण राशन दिया जाए।

# सेमीफाइनल में पहुंची मुकुन्दपुर की टीम

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह गांव के हाई स्कूल के मैदान में आयोजित शहीद नीलाम्बर- पितांबर कास्कों किक्रेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बुधवार को मुकुन्दपुर टीम ने बिहार के नावाडीह टीम को 32 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना लिया है। नावाडीह टीम ने टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। कैप्टन अजय सिंह के नेतृत्व में बल्लेबाजी करने उतरी मुकुन्दपुर टीम ने 16 ओवर में 159 रन बनाकर नावाडीह टीम के समक्ष 160 रन का लक्ष्य दिया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल,
हुसैनाबाद

पत्रांक................/ हुसैनाबाद, दिनांक ............./

रद्द संबंधित सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/HUSSAINABAD/F2-27/2022-23 जिसका PR No.-282993 (Water Resource) (22-23) D है, के निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR.NO.290370
Minor Irrigation(22-23);D

# स्वास्थ केंद्र में दिया फर्स्टएड का प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भवनाथपुर थाना पुलिस ने बुधवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थकेन्द्र में दिया फर्स्ट एड का प्रशिक्षण। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सतिस महतो ने बताया कि पुलिस विभाग अब विधि वेवस्था के साथ-साथ घटना दुर्घटना में घायल मरीजों को तत्काल घायलावस्था में प्राथमिक उपचार भी करेगी जिसमे विभाग के द्वारा फर्स्ट एडबॉक्स में मलहम पटी के साथ साथ पेन किलर दवा व इंजेक्शन देने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिससे कि आये दिन घटना दुर्घटना होने पर पहले पुलिस पहुंचती है जहा मरीज को स्पताल पहुंचने से पूर्व गशती दल के पास फर्स्ट एड बॉक्स साथ रहेगा। प्रायः यह देखा जाता है कि मरीज एम्बुलेंस या अन्य वाहन समय पर नही पहुंचने से घायलावस्था में घण्टो पड़ा रहता है। जिसे पुलिस समय रहते प्राथमिक उपचार से मरीज को राहत के साथ जान बचा सकती है।

### जिला परिषद की बैठक

# सदस्यों ने उठाए प्रखंड के शिक्षा व स्वास्थ्य के मुद्दे

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

जिला परिषद की सदस्या रंगी कुमारी द्वारा जिला परिषद की अध्यक्ष शांति देवी गढ़वा की अध्यक्षता में आयोजित जिला परिषद की बैठक की कार्यवाही मे भवनाथपुर क्षेत्र की शिक्षा व चिकित्सा के मामले को प्रमुखता से उठाया गया। किस शिक्षा के क्षेत्र में उच्च शिक्षा से बदली हुई हरिजन, आदिवासी, आदिम जनजाति और अन्य उपेक्षा की अभिव्यक्ति की स्थिति के कारण लंबे समय से विनय भवनाथपुर प्रखंड मध्य विद्यालय रोहिनियां एवं मध्य विद्यालय कैलन को नवीनीकरण करते हुए उच्च शिक्षा की व्यवस्था की माँग करते हैं रखा। उसी चिकित्सा क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में नए पेपर लगाने वाले क्षेत्र के तीबी ग्राहकों एवं अन्य मेरिजों को एक्सरे जारी की आवाज उठाई। जिस पर जिला परिषद की बैठक में उद्धरणों से भवनाथपुर उपेक्षित क्षेत्र की उठाई सभी जनहित में दृष्टि को देखे गए प्रस्ताव को पारित किया गया। भवनाथपुर जिला परिषद शर्मा सदस्य रंजनी की बैठक में उठाई गई वोटर चेक को उप विकास आयुक्त झ सह झ मुख्यपालक ब्राजील जिला परिषद गढ़वा के संज्ञापांक 115 (मु) जी. प. दिनांक 30-11- 022 को सह-प्रतिवेदन जिला शिक्षा आगरा गढ़वा एवं शैल्य चिकित्सा सहकर्मी गढ़वा को भेजा जा चुका था।

# भूमि हड़पने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

रमना प्रखंड के कोरगा ग्राम (सुनील मुखर्जी नगर) निवासी नौरंगी पाल व मुन्ना राम ने अंचलाधिकारी (रमना) को आवेदन देकर मडवनिया ग्राम निवासी जितेन्द्र सिंह पर गरीबो की भूमि हड़पने के लिये आतंक पैदा करने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने की मांग किया है।अंचलाधिकारी को दिये आवेदन में कहा गया है कि ग्राम कोरगा(सुनील मुखर्जी नगर)में हमलोगों के पूर्वज विगत 75 वर्षों से गैरमजरूआ मालिक भूमि पर आजतक जोत कोड कर शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। विगत 14 फरवरी को लगभग दो बजे मडवनिया ग्राम निवासी जितेन्द्र सिंह उर्फ ददू सिंह अपराधी तत्वों व प्राइवेट अमीन के साथ पहुंचकर हमलोगों के जोत कोड व वास भूमि की नापी कराने लगे। उन्होंने कहा कि हमलोगों के परिवार जनों के द्वारा नापी करने से मना करने पर उनके द्वारा कहा गया कि लाठी डंडा का जमाना चला गया अब बंदूक चलेगा। इसलिए सावधान रहिए अपने अपने घर जाओ। हमलोगों के परिवार के लोगो ने कहा कि जबतक कोर्ट का फैसला नही आ जाता है तबतक हमलोग जान दे देंगे,लेकिन जमीन नही छोड़ेंगे और न नापी होने देंगे। इसके बाद वे लोग यह कहते हुये चले गये कि होली के पहले अब होलिका दहन ही होगा। उक्त दोनों ने इस आशय की प्रति अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगर उंटारी, थाना प्रभारी रमना को भी दिया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,हुसैनाबाद

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-36/2022-23

पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बड़का आहर का जिर्णोद्धार ग्राम –कुरकुटा – प्रखण्ड–छत्तरपुर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 33.868 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 23.02.2023 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.03.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 03.03.2023 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362, eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.03.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 290390 Minor Irrigation(22-23).D

### शिविर

### मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ प्रभात ने कहा

# हेल्थ सेवाओं का मिलेगा लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर के चिनिया मोड़ स्थित प्रभात मेडिकल सेंटर सेंटर गढ़वा के संचालक सह डीएम हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज प्रभात एवं डॉक्टर पतंजलि केसरी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभात मेडिकल सेंटर अपने एक 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में 17 फरवरी दिन के सुबह 9 बजे से निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ प्रभात ने बताया कि इस मेगा स्वास्थ्य शिविर उद्घाटन सह मुख्य अतिथि झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार



ठाकुर के द्वारा किया जाएगा। डॉ पंकज प्रभात ने बताया कि इस शिविर में वैसे लोगों का भी निःशुल्क इलाज किया जाएगा। जो पैसे के अभाव में बाहर इलाज नहीं करवा पाते हैं। साथ ही बिल्कुल असहाय जरूरतमंद लोगों के लिए प्रभात मेडिकल सेंटर ने इस शिविर का आयोजन किया है। उन्होंने बताया कि यह शिविर सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होगी। जो संध्या के 6:00 बजे तक चलेगी। उन्होंने समाज के सभी प्रबुद्ध नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वैसे मरीजों जो असहाय है उन्हें इस कैंप में आने के लिए प्रेरित करें। ताकि वैसे मरीजों को इस सेवा का लाभ मिल सके। उनके लिए प्रभात मेडिकल सेंटर की ओर से फ्री दवाइयां फ्री कंसलटेंसन और फ्री इन्वेस्टिगेशन की सारी सुविधाएं की गई है। फ्री इन्वेस्टिगेशंस के रूप में शुगर की जांच किडनी की जांच लिवर की जांच, हार्ट, सांस की नाली के जांच, इन सभी की सारी सुविधाएं की गई है। एवं हृदय रोग के लिए कैंप का आयोजन भी किया गया है। मौके पर डॉक्टर पतंजलि भी मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-38/2022-23

पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | असनवाडेरा आहर का जिर्णोद्धार ग्राम –झरगड़ा – प्रखण्ड–हुसैनाबाद, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 16.528 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 23.02.2023 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.03.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 03.03.2023 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.03.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 290392 Minor Irrigation(22-23).D

# लोध जलापूर्ति योजना बनकर तैयार, आजतक एक बूंद नहीं मिला पानी



## हजारों लोगों को नल से पानी का इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड के लिए महत्वपूर्ण योजना लोध ग्रामीण जलापूर्ति योजना 46 करोड़ की लागत से बनकर तैयार है, लोध जलापूर्ति योजना के तहत प्रखंड अंतर्गत सात पंचायत के हजारो घरों तक नल से शुद्ध जल पहुंचाना है, 2018 में योजना का निर्माण शुरू हुआ है, लेकिन 2023 तक पहुंच गया और जलापूर्ति शुरू नहीं की गई है। हालांकि जब लोध जलापूर्ति योजना को शुरू करने की मांग उठती है, तब-तब पाइप लाइन टेस्टिंग कर जल्द शुरू होने का आश्वासन विभाग देता है। ग्रामीणों की शिकायत है, कि घरों तक सही से नल कनेक्शन भी नही किया गया है, कनेक्शन के नाम पर प्रति एक घर से 2021 में 100 रुपए जलसहिया द्वारा लिया गया था। इस संबंध में अंमवाटोली निवासी अयुब अंसारी ने कहा कि अंमवाटोली में कनेक्शन के नाम पर पैसा तो लिया गया, लेकिन कनेक्शन तो दूर बस्ती में पाइप लाइन तक नही बिछा है। महुआडांड़ जेएमएम प्रखंड सचिव शहीद अहमद ने कहा कि पीएचडी विभाग से पुछने पर कहा जाता है, संवेदक विभाग को योजना पूर्ण कर नहीं सौंपा है। जबकि दो वर्ष में निर्माण कार्य पूरा करना था, फिर संवेदक तीन साल तक मेंटेनेंस कर योजना सुचारू रूप से चलाता, लेकिन पांच साल होने को है, धरातल पर योजना पूर्ण दिखाई नही देता है, शहरी क्षेत्र के डीपाटोली, अंमवाटोली, रामपुर, आदर्श नगर, फुलवार बागीचा, गुरगुटोली बस्ती में सही से कनेक्शन भी नही हुआ है, जिनका कनेक्शन हुआ वह भी बर्बाद हो गया है, गर्मी आते ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पानी की किल्लत शुरू हो जाती है, उपायुक्त एवं पीएचडी विभाग को आवेदन दिया गया है, जल्द लोध जलापूर्ति योजना शुरू कराने का अनुरोध किया गया है। पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता जितेंद्र कुजूर ने कहा कि बिजली कनेक्शन पूर्ण रुप से नहीं मिल पाया है, हालांकि टेस्टिंग चल रही है, मार्च महीना से जलापूर्ति शुरू होने की संभावना है।

## 27 को पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव

**लातेहार।** शहर के शिव पावर्ती व पंचमुखी हनुमान मंदिर का 7वां वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम 27 फरवरी को मनाया जायेगा. जिसकी जानकारी मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक ने दी। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जायेगी। 28 फरवरी को पूजा पाठ होगा। जबकि एक मार्च को हवन, भंडारा व विसर्जन किया जायेगा। उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। आयोजन की तैयारियों में अमरेश प्रसाद गुप्ता, रामदेव प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, गजेंद्र प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, विनित कुमार मधुकर, विशाल चंद्र साहु, सौरभ यादव लगे हुए हैं।

## सीओ ने निपटाए भूमि विवाद से जुड़े मामले




**बरवाडीह।** अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बुधवार को अंचल कार्यालय के बाहरी कक्ष में भूमि विवाद से जुड़े मामलों को लेकर विशेष सुनवाई करने का काम किया गया। सीओ ने अंचल में लंबित भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए विवाद को लेकर दोनों पक्षों की दलील सुनते हुई लगभग एक दर्जन मामलों में आधे से अधिक मामलों का निपटारा करने की कार्रवाई की गई। अंचलाधिकारी ने बताया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर विशेष सुनवाई करने की कार्रवाई की गई है साथ ही साथ बेवजह भूमि विवाद को तुल देने वाले लोगों को भी चिन्हित कर उन पर कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं उन्होंने यह भी कहा किसभी हल्का अंतर्गत भूमि विवाद को निपटारा करने को लेकर जल्द ही विशेष कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी,अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद ,अंचल सहायक पूनम कुमारी समेत सभी हल्का कर्मचारी और अमीन मौजूद थे।

## बरवाडीह में अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर जब्त

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के सिंधोरवा-पुटुवागढ़ क्षेत्र से जिला खनन टास्क फोर्स टीमकी संयुक्त कार्यवाई में मंगलवार रात्रि छापामारी में लगभग डेढ़ टन अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। गुप्त सूचना के आधार पर डीएमओ आनंद कुमार और बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र में चल रहे अवैध कोयला व्यापार का भंडाफोड़ किया है। जानकारी हो कि पूर्व में सीसीएल की इन कोल खदान में कोयला उत्खनन कार्य जोर शोर से चला करती थीं। लेकिन सीसीएल कोल खदान एक दुर्घटना के बाद बंद कर दिया गया लेकिन कोल खदान बंद होने के बाद अगल-बगल में चल रहे ईंट भट्ठा मालिकों को चांदी हो गई है। सिंधोरवा पुटुवागढ़ क्षेत्र कोयला खदान बंद होने के बाउजूद लगातार कई सालों से कोयले का अवैध व्यापार चल रहा है। मौके पर इस धंधे में लिप्त ट्रैक्टर संचालक व ट्रैक्टर चालक सभी भागने में कामयाब रहे। छापामारी टीम ने ट्रैक्टर को जब्त कर बरवाडीह थाना परिसर में जमा किया गया है जबकि मामले मे संलिप्त लोगों की खोजबीन शुरू कर दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले में संलिप्त लोगों की पहचान कर जल्द ही उजागर किया जाएगा।

## टंडवा में हैवी ब्लास्टिंग से दरकी दीवारें



**टंडवा।** चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के विस्तारीकरण में मनवाटोंगरी के ग्रामीणों पर अब आफत शुरू हो गई है। लोगों की मानें तो सीसीएल प्रबंधन ग्रामीणों को विस्थापन होने के लिए मजबूर कर रही है। घरों के चंद दूरी में हीं पहले होने वाले हैवी ब्लास्टिंग से लोगों की नींदें हराम थी, वहीं अब जोरदार विस्फोट से लगभग आधा दर्जन गरीबों के कच्चे मकानों की दीवारें दरक गई है। लोगों की मानें तो परियोजना विस्तारीकरण के लिए सीसीएल प्रबंधन सुनियोजित तरीके से हैवी ब्लास्टिंग कर लोगों को विस्थापित होने के लिए मजबूर कर रही है। मामले की जानकारी मिलते हीं बुधवार को सीओ विजय दास, सीसीएल के शकील अखतर, खनन कंपनी के रंजीत सिन्हा, संजीव सिंह तथा महेश वर्मा ने निरीक्षण किया।

## टंडवा : हाथी के हमले में मृत दिव्यांग के परिजनों को वन विभाग ने दिए 50 हजार रुपए



**टंडवा।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत काढ़मदिरी निवासी 50 वर्षीय विकलांग जगन गंझू की मौत जंगली हांथी के हमले में हो गई थी। जिसमें सरकार द्वारा निर्धारित चार लाख रुपए की आर्थिक मदद में से वन विभाग द्वारा परिजनों को तत्काल 50 हजार रुपए बुधवार को दिए गए। साथ हीं बताया गया कि शेष राशि औपचारिकता पूरी होने के बाद दे दी जाएगी। उक्त घटना मंगलवार देर शाम तेलियाडीह-काढ़मदिरी सीमावर्ती इलाके की है। जब हांथी ने विकलांग को अपनी गिरफ्त में लेकर मार दिया था। ग्रामीणों की मानें तो अपने झुंड़ से बिछड़ा यह हांथी अब काफी आक्रामक हो चुका है।

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क हादसे में दो मजदूर गंभीर

**गिद्धौर।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान के समीप बुधवार को सीमेंट से लदा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें दो मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गए। बताया जाता है कि गिद्धौर के श्री राम ट्रेडर्स का पिकअप वाहन चतरा से सीमेंट लेकर गिद्धौर आ रहा था और चालक सहित पांच मजदूर सवार थे। इसी बीच जवाहरलाल फुटबॉल मैदान के समीप वाहन अनियंत्रित हो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें थाना क्षेत्र के सलगा गांव निवासी बिगन सिंह के पुत्र जितेंद्र उर्फ गरीब सिंह व एक अन्य को गंभीर रूप से चोट आई है। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए जितेंद्र को रिम्स रेफर कर दिया गया।

### युवक का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

**चतरा।** बुधवार को पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के तपेज स्थित हेरु नदी के पास से बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया। मृतक युवक की पहचान प्रकाश यादव दिभा मोहल्ला निवासी कुंजल यादव के पुत्र के रूप में की गई। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले छानबीन कर ही रही है। वहीं मृतक के पिरजन हत्या के पीछे उसके कुछ खास दोस्तों की भूमिका संदिग्ध बता रहे हैं। ज्ञात हो कि प्रकाश जमीन खरीद फरोख्त के साथ कई और भी धंधा करता था। जिसे अभी दो तीन दिन पूर्व ही उसके एक खास दोस्त (अपराधी प्रवृति का) ने हत्या करने जैसी धमकी भी दिया था। परंतु इस धमकी को प्रकाश ने हल्के में ले लिया था और उसकी जान चली गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है।

### कुंदा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**कुंदा।** कुंदा प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ठोस तरल एवं कचरा प्रबंधन की जानकारी दी गई। वहीं जल संचयन करने की कई तरकीब बताई गई। मौके पर सभी मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, जेएसएलपीएस कर्मी, मिशन के प्रखंड समन्वयक विजय यादव, मुकेश कुमार, प्रभाकर सिंह आदि शामिल थे।

## लातेहार व चंदवा में राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी

# कृषि कर के विरोध में दुकानें बंद





**नवीन मेल टीम**

**लातेहार।** झारखंड चेंबर आफ कामर्स के आह्वान पर मंगलवार को व्यवसाईयों ने जुलूस निकालकर 15 फरवरी बुधवार से अपनी दुकानों को अनिश्चितकालीन बंद रखने का निर्णय लिया। मंगलवार की शाम बस स्टैंड से लेकर थाना चौक तक जुलूस निकालकर हेमंत सोरेन के खिलाफ खूब नारेबाजी की गई। झारखंड चेंबर आफ कामर्स के लातेहार जिलाध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा कृषि उपज और पशुधन विपणन शुल्क दो प्रतिशत लागू करने का विधेयक विधानसभा में पारित किए जाने के बाद व्यवसायी इसके विरोध में उतर आए हैं। उन्होंने बताया कि छोटे व मध्यवर्गीय व्यवसायियों के लिए यह विधेयक काला कानून है। इस कानून के लागू होने के बाद भ्रष्टाचार बढ़ेगा और अफसरशाही भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के पड़ोसी व आसपास के राज्यों में ऐसा कोई कानून नही है। इस विधेयक को लागू कर सरकार व्यवसायियों के साथ अन्याय करना चाह रही है। व्यवसायियों ने एक स्वर में कहा कि जब तक सरकार विधेयक वापस नहीं ले लेती तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। यह भी कहा कि मामले को लेकर चेंबर आफ कामर्स के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन भी सौंपा गया है। व्यवसायियों ने सभी गल्ला व्यापारियों से अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखकर बंदी को समर्थन देने की अपील भी की है। इस मौके पर विनोद कुमार महलका, गजेंद्र प्रसाद शौंडिक, विनोद मलान, निर्दोष कुमार गुप्ता, सुनील कुमार शौंडिक ,अनिल कुमार, दिलीप प्रसाद, देवनन्दन प्रसाद समेत कई व्यवसाई मौजूद थे।

### गल्ला व्यापारियों ने दुकान बंद कर किया विरोध



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत खाद्यान्न सामग्री दुकानदारों ने राज्य सरकार द्वारा लगाए गए शाहजहां सामग्री पर 2% का टैक्स का अपनी दुकानें बंद कर विरोध किया। बालूमाथ के दर्जनोंवासियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर सरकार द्वारा अतिरिक्त ब्याज वापस लेने की मांग की। कहा यह काला कानून है। यह आम जनों के हित में नहीं है। इससे गरीब किसान गल्ला व्यापारी को बहुत नुकसान है। इधर गल्ला व्यवसाईयों के हड़ताल पर जाने से मोटीया मजदूर को गल्ला व्यापारियों के सहारे जीविका उपार्जन करते हैं। उन पर भी बेरोजगारी जैसी भारी संकट आ गई है। गला वासियों का कहना है कि जब तक सरकार बाजार टैक्स को खत्म नहीं करती है तब तक झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर यह हड़ताल जारी रहेगा।

### व्यापारियों ने बंद रखी अपनी-अपनी प्रतिष्ठानें

**चंदवा।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के निर्देश पर प्रखंड के खाद्यान व्यापारियो ने राज्य सरकार द्वारा लाई गई कृषि उपज और पशुधन विपणन शुल्क विधेयक के विरोध में बुधवार को अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदेश में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में विधेयक वापस लेने की मांग लगातार की जा रही है।इसी संदर्भ में मंगलवार को चंदवा के खाद्यान व्यापारियो की बैठक बुध बाजार स्थित शिव मंदिर प्रांगण में हुई थी।बैठक में विधेयक का विरोध करते हुए 15 फरवरी से सभी दुकाने अनिश्चितकालीन बंद रखने का निर्णय लिया गया था। व्यापारियों ने कहा कि किसी भी रूप में विधेयक मंजूर नहीं है।यह विधेयक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला है।

### सीएम तीर्थ दर्शन योजना के बस को डीसी ने दिखाई हरी झंडी

**चतरा।** बुधवार को विकास भवन मुख्य गेट से बुधवार को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत तीर्थ यात्रियों की बस को उपायुक्त अबु इमरान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस क्रम में जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत बीपीएल श्रेणी के मुस्लिम धर्मावलंबियों के तीर्थयात्रियों को विशेष ट्रेन द्वारा रांची से ट्रेन के मध्यम से अजमेर शरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सीकरी तीर्थ यात्रा कराया जायगा। इस क्रम में चतरा से कुल 28 तीर्थ यात्रियों को तीर्थ दर्शन हेतु भेजा गया है। बताया गया कि सभी संध्या हटिया रेलवे स्टेशन, रांची से झारखंड के सभी जिलों से आए अन्य तीर्थयात्रियों के साथ विशेष ट्रेन से रवाना तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होंगे।

### ठोस, तरल व कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला

**पत्थलगड़ा।** पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को बीडीओ मोनी कुमारी की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ठोस, तरल व कचरा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को जल जीवन मिशन के साथ ठोस व तरल कचड़ा प्रबंध की जानकारी दी गई। जल जीवन मिशन के तहत जल संचय करने के कई तरीके बताये गये। कार्यशाला में प्रमुख मनीषा कुमारी, उप प्रमुख संगीता कुमारी, मुखिया राधिका देवी, कुमारी संगीता सिन्हा, नीतू कुमारी आदि शामिल थे।

## दीप पब्लिक स्कूल की मनाई वर्षगांठ



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

बुधवार को मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मायपुर स्थित दीप पब्लिक स्कूल का 12वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी रामवृक्ष राम एवं विद्यालय के संस्थापक बिरजू यादव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्रों द्वारा स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद छात्रों ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा नवम की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ती का संदेश दिया, जिसे लोगों ने सराहना करते हुए अनुपालन करने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि दीप पब्लिक स्कूल मायापुर की स्थापना 15 फरवरी 2011 में की गई थी। मुख्य अतिथि ने संस्थापक की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय में अनुशासन बताता है कि कैसी शिक्षा बच्चों को दी जा रही है। स्थापना दिवस पर विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों के हांथो खेलकूद, अनुशासन एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्तिपत्र भेंट किया गया। स्थापना दिवस पर पचास छात्रों का निःशुल्क नामंकन लिया गया। कार्यक्रम में राजद नेता अरुण यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष राम भरोस यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष छटु भुइयां, सदस्य जमील अख्तर के अलावे विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावक आदि उपस्थित थे।

## इटखोरी महोत्सव के प्रचार रथ को हरी झंडी




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

बुधवार को 19, 20 एवं 21 फरवरी को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2023 के वृहद प्रचार-प्रसार को लेकर जिला जन सम्पर्क कार्यालय द्वारा बनाये गये दो चलंत रथ को समाहरणालय परिसर से श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता व उपायुक्त अबु इमरान द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह चंलत रथ जिले के सभी प्रखंड अन्तर्गत आने वाले पंचायतों, हाट-बजारों व शहरी क्षेत्रों में घुम घुमकर महोत्सव का प्रचार-प्रसार करेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, सिमरिया विधायक प्रतिनिधि समेत सभी संबंधित वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधियों की सीएम के समक्ष चुप्पी अफसोसजनक : अयूब खान

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

**चंदवा।** सामाजिक कार्यकर्ता सह प्रखंड के कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि 13-14 फरवरी को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खतियानी जोहार यात्रा के दौरान लातेहार में थे। जनप्रतिनिधियों ने टोरी चंदवा में शिलान्यास के वर्षों बाद भी फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू नहीं होने के मामले में चुप्पी साधे रखा, इस मामले में किसी ने एक शब्द भी नहीं बोला जो काफी अफसोसजनक बात है। पलामू प्रमंडल की सबसे बड़ी टोरी रेलवे क्रॉसिंग फाटक जाम की समस्या पर जनप्रतिनिधियों द्वारा उपेक्षा किए जाने से चंदवा प्रखंडवासी समेत लातेहार व चतरा जिले की जनता में मायुसी छाई हुई है। जनसमस्याओं के निदान कराने का दंभ भरने वाले जनप्रतिनिधियों की करनी और कथनी उजागर हो गई है। मुख्यमंत्री के लातेहार आगमन पर जिले वासियों को यह भरोसा था कि टोरी-चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज समस्या पर वह जरूर बोलेंगे, मुख्यमंत्री के समक्ष इसे जरूर उठाएंगे लेकिन जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस मामले को नहीं उठाकर उन्होंने आम जनता का भरोसा तार तार कर दिया है। टोरी चंदवा रेलवे क्रॉसिंग फाटक जाम में फंसकर मरीजों की मौत रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन हो रहा हो और ऐसे समस्याओं की जनप्रतिनिधियों द्वारा अनदेखी किए जाने से यह साफ जाहिर हो गया है कि जनप्रतिनिधि जनता की समस्यायों पर कितना गंभीर है। ज्ञात हो की आरओबी निर्माण के लिए 03 अप्रैल 2021 को शिलान्यास किया गया था। कार्य संवेदक को आवंटित भी कर दिया गया है इसके बाद भी कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के ही कारण आरओबी का निर्माण कार्य अबतक शुरू नहीं हो पा रहा है। इस समस्या पर किसी ने भी मुख्यमंत्री का ध्यान नहीं खिंचा जो काफी हैरानी की बात है। खान ने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी अपनी सरकार की छवि संभालिए, टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण शुरू नहीं होने से सरकार की बदनामी हो रही है।

**शांति बनाएं रखें**

## महाशिवरात्रि को लेकर महुआडांड़-चंदवा में फ्लैग मार्च

# किसी भी हालत में कानून को हाथ में न लें





**नवीन मेल टीम**

**महुआडांड़।** प्रखंड में बुधवार को महाशिवरात्रि को लेकर एवं पलामू जिला के पांकी बाजार में महाशिवरात्रि पर तोरण द्वार लगाने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद को देखते हुए, महुआडांड़ में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च महुआडांड़ थाना से सुरु होकर, शास्त्री चौक, बस स्टैंड, अंबाटोली, दीपाटोली, रामपुर बिरसा चौक मुख्य बाजार होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। मौके पर दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार, डीएसपी राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेंग डांग, पुआनि संजय रतन एवं आईआरबी के जवान और जिला पुलिस बल मौजूद थे। **वहीं दूसरी ओर चंदवा** में पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देश पर किसी भी आपात स्थिति में उपद्रवियों से निबटने को लेकर बुधवार को चंदवा पुलिस के द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार संयुक्त रूप से कर रहे थे।फ्लैग मार्च थाना परिसर से निकल कर मेन रोड होते हुए सुभाष चौक, कंचननगरी होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंची। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगो को यह संदेश दिया गया कि पर्व त्योहार पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें किसी भी परिस्थिति में कानून अपने हाथ में न लें, शांति व्यवस्था को भंग करने वाले को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा। फ्लैग मार्च में पुलिस बल के सैकड़ों जवान शामिल थे।

